## महत्वपूर्ण एवं खास

### क्रिकेट फुटबॉल बैडमिंटन कराटे, एथलेटिक्स और वॉलीबॉल का निशुल्क प्रशिक्षण सारंगढ़ में प्रशिक्षण 20 मई से प्रारंभ

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देश पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के इच्छुक बच्चों, खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। यह 21 दिवसीय प्रशिक्षण खेलभांठा सारंगढ़ में 20 मई से 10 जून तक किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में बैडमिंटन, फुटबॉल, कराटे, एथलेटिक्स, वालीबॉल, क्रिकेट खेल का प्रशिक्षण खेल विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। इस निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए खेल प्रभारी अधिकारी कौशल ठेठवार को 9977115799, खेल प्रशिक्षक राजाराम उरांव 8889110879 और मोहन कैवर्त को 9907911443 से संपर्क कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### हेल्पलाइन 9340597097 में कर सकते है खराब खाद्य और औषधि की शिकायत

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा हेल्पलाइन 9340597097 जारी किया गया है। बर्फ फैक्ट्री में सैकरीन का उपयोग करने से मितली आती है। इस कारण आइस्क्रीम खाने पर उल्टी, मितली आने की स्थिति में, लेबलिंग नहीं पाने, किसी भी प्रोडक्ट में एक्सपायरी डेट नहीं लिखने, होटल, ढाबा, ठेला द्वारा खाद्य लाइसेंस, पंजीयन नहीं और साफ सफाई की कमी होने पर, इसके साथ साथ दवाई, खराब, नुकसानदेह, जहरीला, बासी, सड़े गले फल, मूल, मांस, मछली, खाद्य एवं पेय पदार्थ से सम्बंधित कोई भी शिकायत के लिए आम नागरिक हेल्पलाइन नम्बर 9340597097 पर संपर्क कर सकते हैं।

### गिरौदपुरी जैतखाम को काटने पर बवाल, पूर्व मंत्री गुरु रुद्र ने कहा – दोषियों पर जल्द कार्यवाई करे सरकार

**रायपुर (आरएनएस)।** गिरौदपुरी धाम की घटना को लेकर पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने प्रेसवार्ता ली. उन्होंने भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा सरकार ने गिरौदपुरी के साथ हमेशा खिलवाड़ किया है. भाजपा सरकार आने के बाद मेला समिति का राजनीतिकरण किया गया. मेला शुरू होने से पहले समिति की बैठक भी नहीं ली गई. असामाजिक तत्वों ने जैतखाम को काट दिया है. गुरु रुद्र ने कहा, भाजपा सरकार से मांग करता हूं कि अतिशीघ्र उन दोषियों को पकड़ा जाए. कड़ी कार्रवाई की जाए. मैं गिरोधपुरी जाकर 11 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन करूंगा. पूरे मामले की जांच की जाएगी.

### तीन दिन से गायब युवक घर में फांसी पर लटका मिला

**सरकंडा थाना क्षेत्र के चिल्हाटी का मामला**

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** सरकंडा क्षेत्र के चिल्हाटी में एक सूने मकान में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. मृतक की पहचान तालापारा निवासी मोहम्मद असद के रूप में हुई है. मामले की शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तालापारा भारत चौक में रहने वाला मोहम्मद अरसद तीन दिन पहले घर से निकला था. इसके बाद वो घर नहीं आया. जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे. इधर सरकंडा के चिल्हाटी स्थित सूने मकान में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान कराई.

---

**संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का राह होगा आसान**

# छत्तीसगढ़ संविदा कर्मचारियों के हक में सुप्रीम कोर्ट का आया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली/रायपुर ।** आरएनएस



छत्तीसगढ़ में पिछले करीब 10 साल से संविदा और अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण का मुद्दा सियासी गलियारों में गूंज रहा है। नियमितीकरण की मांग को लेकर कई बार कर्मचारी आंदोलन भी कर चुके हैं। अगर पिछली भूपेश सरकार की बात करें तो उन्होंने कर्मचारियों से वादा किया था कि सत्ता में आते ही संविदा कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी कांग्रेस ने अपना वादा पूरा नहीं किया। लेकिन इस बीच कल सुप्रीम कोर्ट ने संविदा कर्मचारियों के हित में बड़ा फैसला दिया है।

दरअसल गुरु घासीदास विश्वविद्यालय में विजय कुमार गुप्ता सहित 98 कर्मचारी दैनिक वेतनभोगी के तौर पर कार्यरत थे। ये सभी कर्मचा?री विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद से करीब 10 साल या उससे अधिक समय से कार्यरत थे। साल 2008 में सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से इन सभी कर्मचारियों को नियमित करने का आदेश जारी किया था। जारी आदेश के अनुसार 10 साल या उससे ज्यादा समय तक सेवा चुके कर्मचारियों को नियमित किया जाना था। इस आदेश के परिपालन में उच्च शिक्षा संचालक ने भी 26 अगस्त 2008 को विभाग में कार्यरत ऐसे कर्मियों को स्ववित्तीय योजना के तहत नियमितीकरण और नियमित वेतनमान देने का आदेश दिया। मार्च 2009 तक इन्हें नियमित वेतन भी दिया गया। इसके बाद बिना किसी जानकारी या सूचना दिए यूनिवर्सिटी ने नियमित वेतन देना बंद कर दिया था।

कर्मचारियों को सुनवाई का अवसर दिए बिना ही उन्हें कलेक्टर दर पर वेतनमान देने का आदेश जारी कर दिया। इसके साथ ही 10 फरवरी 2010 को तत्कालीन रजिस्ट्रार ने 22 सितंबर 2008 को जारी शासन के नियमितीकरण को भी निरस्त कर दिया। रजिस्ट्रार के इस आदेश को चुनौती देते हुए कर्मचारियों ने अधिवक्ता दीपाली पाण्डेय के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें बताया गया कि गुरु घासीदास विवि को राज्य सरकार से केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में स्वीकार किया गया है। लिहाजा, राज्य शासन के अधीन कार्यरत सभी कर्मचारियों को उसी स्थिति में केंद्रीय विश्वविद्यालय में शामिल करना चाहिए, जिस स्थिति में कर्मचारी राज्य विश्वविद्यालय में कार्यरत थे। लेकिन, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया।

---

## सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, स्मोक डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निशुल्क प्रशिक्षण 20 मई से प्रारंभ

**❐ वाट्सअप नंबर 7974942078 में इच्छुक आवेदक कर सकते हैं पंजीयन**

**सारंगढ़-बिलाईगढ़**

रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीणों के लिए 20 मई से शुरू होने वाले सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, स्मोक डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का निशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन वाट्सअप नंबर 7974942078 में किया जा सकता है।

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, रायगढ़ में सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा अलार्म, स्मोक डिटेक्टर इंस्टाल और सर्विसिंग कोर्स का 13 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण 20 मई 2024 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिये पंजीयन प्रारंभ हो चुका हैं। इस प्रशिक्षण के लिये रायगढ़ एवं सारंगढ़ -बिलाईगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के शिक्षित बेरोजगार युवक, युवती एवं महिला, पुरुष को प्रशिक्षण दिया जाना हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिये उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष एवं कम से कम 08 वीं पास और 12वी पास होना अनिवार्य हैं।

प्रशिक्षणार्थी अपने साथ अंकसूची, आधार कार्ड, गरीबी रेखा राशन कार्ड, बैंक पासबुक एवं 05 रंगीन पासपोर्ट साईज का फोटो लेकर भारतीय स्टेट बैंक गामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान टी.वी. टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण से संबंधित जानकारी के लिये इस नम्बर पर वाट्सअप करके पंजीयन करा सकते हैं। वाट्सअप नंबर 7974942078,8656919787,7999984982 में संपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान रहना,खाना एवं सीखना पूर्णतः निःशुल्क हैं।

---

## हजारों किमी तय कर पहुंचा प्रवासी पक्षी व्हिंब्रेल

**खैरागढ़-रायपुर ।** आरएनएस



जीएसएम-जीपीएस लगे प्रवासी पक्षी व्हिंब्रेल को छत्तीसगढ़ में पक्षी विशेषज्ञों ने कैमरे में कैद किया है. ञ्ज्रत्र ट्रैकिंग से प्रवासी पक्षियों पर जलवायु परिवर्तन पर रिसर्च करने वालों को मदद मिलती है. 4000-6000 किमी दूरी तय करके आए पक्षी को छत्तीसगढ़ में ट्रैक किए जाने पर पक्षी प्रेमियों में खुशी का माहौल है.

व्हिम्बरेल अपनी प्रभावशाली यात्रा के लिए जाना जाता है. कई महासागर और महाद्वीप पार करने में इस पक्षी का गजब का धैर्य और जबरदस्त नेविगेशन पॉवर अविश्वसनीय रूप के काम करता है. उत्तरी गोलाद्र्ध से चार – छह हज़ार किलोमीटर की उड़ान इसके लिए साधारण है. अपनी विशिष्ट घुमावदार चोंच और धारीदार सिर के साथ व्हिम्बरेल आसानी से शिकार कर अपना पेट भर लेता है. ये एक तटीय पक्षी है, इसलिए पानी और पानी के आसपास पाये जाने वाले सभी कीड़े-मकोड़े इसका आहार हैं। व्हिम्बरेल के संरक्षण के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं. सेटेलाइट टैगिंग और जीएसएम जीपीएस की मदद से इसके प्रवास और पैटर्न को लगातार ट्रैक किया जा रहा है. एक पक्षी पर इस तरह जीपीएस से ट्रैक करने का खर्च लगभग दस लाख या उससे ज्यादा भी हो सकता है. जीपीएस टैग के साथ हजारों मिल का सफर तय करके आए व्हिम्बरेल पक्षी को स्थानीय भाषा में छोटा गोंग़ भी कहा जाता है।

---

## ग्राम सेन्द्रीपाली में पुलिस ने ढाबा और एक घर से जब्त किया 390 लीटर अवैध डीजल, दो आरोपियों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत की कार्यवाई

**❐ ढाबा पर डीजल का अवैध भंडारण कर बिक्री की सूचना पर खरसिया पुलिस की रेड**

**रायगढ़**




पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर खरसिया क्षेत्र में प्रशिक्षु आईपीएस/थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में अवैध शराब, जुआ सट्टा पर अंकुश लगाने लगातार अभियान स्तर पर कार्यवाही कर रही है।

इसी क्रम में 18 मई को प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में खरसिया पुलिस की टीम द्वारा डीजल का अवैध भंडारण की सूचना पर कार्यवाही किया गया है। प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सेन्द्रीपाली का मुकेश साहू और ताराचंद पटेल द्वारा क्षेत्र में चलने वाले भारी वाहन चालकों से कम दामों में डीजल खरीद कर मुकेश साहू अपने ढाबा पर तथा ताराचंद पटेल अपने घर में बिना लाइसेंस भंडारण कर अवैध रूप से बिक्री किया जाता है। सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताए दोनों स्थानों पर रेड कार्यवाही किया गया। संदेही मुकेश साहू के ढाबा से पुलिस ने गवाहों के समक्ष 40-40 लीटर क्षमता वाले दो जरकिन एवं 50 लीटर क्षमता वाला एक जरकिन में कुल 130 लीटर डीजल (रु.11,700) व एक खाली जरीकेन एवं प्लास्टिक का बडा चाडी जप्त किया गया।

वहीं ग्राम सेन्द्रीपाली के ताराचंद पटैल के घर अंदर कमरे से 40 लीटर क्षमता वाले चार जरीकेन और 50 लीटर क्षमता वाले दो जरीकेन में कुल 260 लीटर डीजल (रु.23,400) एवं मौके से 40 एवं 200 लीटर क्षमता वाले खाली ड्रम/जरीकेन, एक प्लास्टिक का बडा चाडी जप्त किया गया है। आरोपी ताराचंद पटैल पिता मिलाप पटैल उम्र 25 वर्ष एवं आरोपी मुकेश कुमार साहू पिता राजकुमार साहू उम्र 34 वर्ष दोनों निवासी ग्राम सेन्द्रीपाली से पुलिस ने कुल 390 लीटर डीजल कीमती रु.35,100 का जप्त किया गया है। आरोपियों द्वारा आवश्यक एवं ज्वलनशील पदार्थ डीजल का उपेक्षापूर्ण भंडारण और बिक्री करने के कृत्य पर आरोपियों के विरुद्ध थाना खरसिया क्रमशः अपराध क्रमांक 310, 311 धारा 285 आईपीसी 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में उपनिरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर, उमाशंकर धृतांत, आरक्षक योगेश साहू, हेमलाल सिदार और सत्या नारायण सिदार शामिल थे।

---

## छत्तीसगढ़ में अब यूपीआई और क्यूआर कोड जैसे डिजिटल पैमेंट के जरिए भी होगी शराब बिक्री

**रायपुर ।** आरएनएस

छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब शराब खरीदने के लिए चिल्हर का झंझट नहीं रहेगा। आबकारी विभाग शराब की बिक्री यूपीआई के जरिए आनलाइन करने जा रहा है। सबकुछ सामान्य रहा तो जून के दूसरे सप्ताह से शराब कैशलेस खरीदी जा सकेगा। पिछली सरकार के समय हुए तीन हजार करोड़ के शराब घोटाले के पीछे नगद खरीदी ही रही है। इसके चलते एक बड़ा सिंडीकेट बना जिसने ओवर रेट पर शराब बेचकर करोड़ों के वारे ने सारे किए। आज इस सिंडीकेट कई किंगपिन जेल में है। इस सिंडीकेट से छत्तीसगढ़ की छवि पर भी दाग लगा। और आबकारी विभाग को राजस्व कि भी हानि उठानी पड़ी।

**रोजाना प्रदेश में करीब 35 करोड़ की बिक्री**

मिली जानकारी के अनुसार विभाग व और कारोबार करने वाले मार्केटिंग कंपनी (सीजीएमएससीएल) ने इससे उबरने अब शराब की खरीदी बिक्री को आनलाइन करने की तैयारी पूरी कर ली है। रोजाना प्रदेश में करीब 35 करोड़ की देशी विदेशी शराब पी जाती है। जो नगद में बेची जाती है। अब यह सब कुछ एसबीआई के जरिए यूपीआई से होगा। शराब निगम ने अपनी सभी छह सौ से अधिक दुकानों का अलग अलग यूपीआई अकाउंट बैंक में खोल दिया है। इसके क्यू आर कोड के जरिए शौकीन शराब लेकर पेमेंट आनलाइन कर सकेंगे। फिलहाल यह सिस्टम प्रीमियम दुकानों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया जा रहा है उसके बाद सभी देशी, अंग्रेज़ी शराब दुकानों में भी शुरू किया जाएगा।




**ओवर रेटिंग और चिल्हर की समस्या से निजात-** निगम के एमडी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि इससे ओवर रेटिंग और चिल्हर की समस्या भी नहीं रहेगी। दुकानों के कर्मी चिल्हर नहीं है कहकर राउंडफिगर मैं लेकर बड़ी राशि एकत्रित कर आपस में बांट नहीं सकेंगे। वहीं उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह सिस्टम रेवेन्यू लॉस रोकने में मदद करेगा। और विभाग अपने सालान 11 हजार करोड़ के लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। अफसरों के मुताबिक इसके बाद भी यदि अधिक वसूली होती है तो खरीदार टोल फ्री नंबर 14405 पर कॉल कर शिकायत कर सकेंगे।

---

### बुद्ध जयंती 23 को मांस-मटन विक्रय पर रहेगा प्रतिबंध

**रायपुर ।** आरएनएस

नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

---

## शालीमार एक्सप्रेस पर गिरी विद्युत पोल



**रायपुर ।** आरएनएस

रायपुर से ट्रेन हादसे की एक बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है। यहां हुए एक ट्रेन हादसे में कुछ यात्रियों को गंभीर चोट आई है, जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना की सुचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ समेत रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और घटना की जांच कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, कलकत्ता से रायपुर आ रही शालीमार एक्सप्रेस रायपुर और उरकुरा स्टेशन के बीच हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन के एस-6 कोच समेत 2 से 3 डिब्बों पर बिजली का खंबा गिर गया। इस हादसे में ट्रेन में सवार 1 मासूम समेत तीन लोगों को गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी समेत रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वहीं रेलवे के अधिकारी इस घटना की जांच में जुट गए हैं।

---

## दंतैल हाथी ने मोहनपुर में ढहाया मकान

**कोरबा ।** आरएनएस



जिले के कटघोरा वनमंडल में हाथी समस्या समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यहां के एतमानगर, केंदई व पसान वन परिक्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी जंगलों में घूम रहे हैं। इन्हीं में से एक लोनर हाथी (दंतैल) शनिवार को अलग होकर बरदापखना के रास्ते बनखेता पहुंच गया। बनखेता क्षेत्र में दंतैल हाथी के प्रवेश करने की सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर ईश्वर दास मानिकपुरी के नेतृत्व में वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और गांव में मुनादी कराने के साथ दंतैल को खदेडने की कार्यवाही की। वन अमला द्वारा खदेड़े जाने पर दंतैल तवरिहा व खोडरी होते हुए सुखाड़ नदी को पार किया और जीपीएम जिले के जंगल में चला गया। दंतैल ने इससे पहले मोहनपुर गांव में उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के कच्चे मकान को ढहा दिया। जानकारी के अनुसार लगभग 4 दर्जन हाथी कटघोरा वनमंडल के जंगलों में सक्रिय हैं जिनमें से 12 हाथी परला पहाड़ में, 6 एतमानगर रेंज में कोदवारी-भुरूपानी, 19 हाथी पचरा व मड़ई क्षेत्र तथा लगभग 12 हाथी लालपुर क्षेत्र के डंपिंग एरिया में घूम रहे हैं। हाथियों के दल ने फिलहाल बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है। हाथियों के जंगल ही जंगल घूमने तथा शांत बने रहने से ग्रामीणों व वन अमले ने राहत महसूस की है लेकिन उनमें इस बात को लेकर दहशत व चिंता भी है कि कहीं क्षेत्र में घूम रहे बड़ी संख्या में हाथी आबादी वाले क्षेत्र में न आ जाए और लंबा नुकसान पहुंचा दे।

---

## दो लाख की लागत से तैयार नए सब स्टेशन से शहर को मिलेगी बिजली

**❐ संबंधित क्षेत्रों में वायरिंग का कार्य तेज गति से**

**कोरबा ।** आरएनएस



पावर सिटी कोरबा में विभिन्न क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आ रही समस्याओं को हल करने के लिए छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अब नए सिरे से कोशिश कर रही है। नए इंफ्रास्ट्रक्चर को डेवलप करने के साथ परेशानियों को कम करने के लिए काम जारी है। व्यवस्था के अंतर्गत कोरबा शहरी डिवीजन के दायरे में शामिल महाराणा प्रताप नगर आवासीय परिक्षेत्र में बिजली आपूर्ति जल्द ही मुड़ापार (गर्ल्स कॉलेज के पीछे)नए सबस्टेशन से की जाएगी। इसके लिए वायरिंग का काम तेज कर दिया गया है। लगभग 200 लाख की लागत से कोरबा के नेहरू नगर वार्ड के अंतर्गत 33.11 केवी क्षमता का नया सब स्टेशन बनकर तैयार है। जल्द ही इसे चार्ज करने की प्रक्रिया पूरी होना है। आसपास के बड़े हिस्से में बिजली आपूर्ति का काम इसी सब स्टेशन से डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी करेगी। अब तक की व्यवस्था में इन क्षेत्रों को आपूर्ति के लिए कोरबा के ही दादरखुर्द खरमोरा स्थित सब स्टेशन से जोड़ा गया था। सबस्टेशन की क्षमता के विरुद्ध उपभोक्ताओं की संख्या का अनुपात ज्यादा होने से कई प्रकार की व्यावहारिक कठिनाइयां पिछली थी और आए दिन समस्याएं बढ़ रही थी। ऐसे में लाइन ट्रिप होने के साथ-साथ फॉल्ट की परेशानियां ने उपभोक्ताओं को हलाकान किया। लगातार ऐसे मसले को लेकर नाराजगी और प्रदर्शन के बाद छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने सुनिश्चित किया कि समाधान के लिए कुछ करना जरूरी होगा। संबंधित क्षेत्र की बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नई योजना तैयार की गई और इसका प्रस्ताव सीएसईबी के हेड क्वार्टर भेजा गया जो मंजूर कर लिया गया।

इसके अंतर्गत लगभग 200 लाख की लागत से नेहरू नगर वार्ड के कुआं भट्ठ क्षेत्र में नया सब स्टेशन तैयार कर लिया गया है। डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारी ने बताया कि महाराणा प्रताप नगर के साथ-साथ घंटाघर समिति आसपास के बड़े हिस्से को इस सबस्टेशन से कनेक्ट करने के लिए हमने काम किया है। बहुत जल्द इसे चार्ज किया जाएगा। फिर इसके माध्यम से इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि आशा करने से पुरानी समस्याएं न केवल हल होंगी बल्कि उपभोक्ताओं को राहत भी ज्यादा होगी।

नवीन सबस्टेशन से संबंधित क्षेत्रों को जोडने के लिए द्रूत गति से काम किया जा रहा है। इसके लिए नई वायरिंग की जा रही है। महाराणा प्रताप नगर आवासीय परिसर के विभिन्न क्षेत्रों में इन्हीं कारणों से आज 3 घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बंद रखे जाने की परमिट ली गई है। मंगलवार को बिजली कंपनी के द्वारा इस नवीन सर्विस स्टेशन को चार्ज करने की तैयारी है। महाराणा प्रताप नगर , मुड़ापार, पावरहेड्स अपार्टमेंट समेत अनेक रिहायसी क्षेत्र को बेहतर बिजली आपूर्ति दी जानी संभव होगी। पिछली समस्याओं को नियंत्रित करने में भी सफलता मिलेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480